(घ) क्या पहले पटदी को यह सुविधा दी गई थी जिसे कुछ समय पूर्व वापस ले लिया गया और क्या अब उन्हें बीरमग्राम के जरिए सम्पर्क स्थापित करने होते हैं जिससे अत्यन्त विलम्ब होता है और यदि हां, तो क्या इस सुविधा को शीघ्र ही पुनः बहाल किया जाएगा ?

संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री योगेन्द्र मकवाना) : (क) अहमदाबाद के लिए एक सीधे डायलिंग सर्किट की मांग प्राप्त हुई है परन्तु परियात को मद्देनजर रखते हुए इसका औचित्य नहीं है ।

(ख) अहमदाबाद के लिए एक सीधा डायलिंग सर्किट प्रदान करने पर तभी विचार किया जाएगा जब परियात काफी अधिक बढ़ जाएगा ।

(ग) परियात की दृष्टि से फिलहाल पटदी और अहमदाबाद के बीच टेलीप्रिंटर लिंक का औचित्य नहीं है ।

(घ) पटदी से अहमदाबाद के लिए एक सीधा मैनुअल ट्रंक सर्किट उपलब्ध है । सीधे ट्रंक सर्किट पर रुकावट होने के कारण कुछ दिनों के लिए पटदी से अहमदाबाद के लिए ट्रंक परियात बरास्ता बीरमग्राम प्रदान किया गया था जिसको अब पुनः चालू कर दिया गया है ।

अम्बलियासन और मेहसाना के बीच नई टेलीफोन लाइन

1928. **श्री मोतीभाई आर० चौधरी** : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) अम्बलियासन और मेहसाना के बीच एक अतिरिक्त टेलीफोन लाइन बिछाने की मांग कब तक पूरी की जाएगी ; और

(ख) क्या इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि अम्बलियासन एक व्यापारिक केन्द्र है और मेहसाना जिला और तालुका केन्द्र है और दोनों के बीच संचार महत्वपूर्ण हैं, इस बारे में तत्काल कार्यवाही किए जाने का विचार है ?

संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री योगेन्द्र मकवाना) : (क) अम्बलियासन और मेहसाना के बीच अतिरिक्त ट्रंक टेलीफोन लाइन 1-6-1982 से चालू हो गई है ।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता ।

Constitution of Newspaper Development Commission

1929. SHRI RAJESH KUMAR SINGH :
SHRI RAM VILAS PASWAN :

Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state :

(a) whether it is a fact that Government have since constituted a Newspaper Delvelopment Commission to help small and medium newspapers as suggested by the Second Press Commission report;

(b) if so, the composition of that Commission ; and

(c) its precise functions ?

THE MINISTER OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI VASANT SATHE) : (a) No, Sir.

(b) and (c). Do not arise.